भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 911 का उत्तर

देशभर में नई रेल परियोजनाएं

911. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अब तक स्वीकृत की गई नई रेलवे परियोजनाओं की संख्या राज्यवार कितनी है;

(ख) उक्त परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत कितनी है;

(ग) क्या इनमें आकांक्षी जिलों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं के पूर्ण होने हेतु निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन क्षेत्रीय रेल-वार किया जाता है, न कि राज्य-वार क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं। रेल परियोजनाओं को लाभप्रदता, यातायात अनुमान, अंतिम छोर तक संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, राज्य सरकारों, केंद्रीय मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों, रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताओं, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों आदि जिनमें आकांक्षी जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ना भी शामिल

है, के आधार पर स्वीकृत किया जाता है जो चालू परियोजनाओं के थ्रो-फारवर्ड और निधियों की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करता है।

दिनांक 01.04.2025 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग 6.75 लाख करोड़ रुपए की लागत की 35,966 कि.मी. कुल लंबाई की 431 रेल अवसंरचनात्मक परियोजनाएँ (154 नई लाइन, 33 आमान परिवर्तन और 244 दोहरीकरण) स्वीकृत हैं, जिनमें आकांक्षी जिले और सीमावर्ती क्षेत्र भी शामिल हैं, जिनमें से 12,769 किमी लंबाई कमीशन की गई है और मार्च 2025 तक लगभग 2.91 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई नई लाइन/आमान परिवर्तन/दोहरीकरण (कि.मी.)	मार्च, 2025 तक कमीशन की गई लंबाई (कि.मी.)	मार्च ,2025 तक कुल व्यय (करोड़ रु. में)
नई लाइन	154	16,142	3,036	1,45,318
आमान परिवर्तन	33	4,180	2,997	22,753
दोहरीकरण/ बहुपथन	244	15,644	6,736	1,22,858
कुल	431	35,966	12,769	2,90,929

भारतीय रेल की वेबसाइट पर सभी रेल परियोजनाओं का क्षेत्रवार/वर्षवार विवरण पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराया गया है।

भारतीय रेल में नए रेलपथों की कमीशनिंग/बिछाने का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग
2009-14	7,599 कि.मी.	4.2 कि.मी. प्रतिदिन
2014-25	34,428 कि.मी.	8.57 कि.मी. प्रतिदिन (2 गुना से अधिक)

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वन संबंधी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक मंजूरियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक स्थिति
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/ओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******